CBSE Class 07 Hindi
NCERT Solutions
Hindi - पाठ-16 भोर और बरखा

1. 'बंसीवारे ललना', 'मोरे प्यारे', 'लाल जी', कहते हुए यशोदा किसे जगाने का प्रयास करती हैं और वे कौन-कौन सी बातें कहती हैं?
उत्तर:- यहाँ पर माता यशोदा श्रीकृष्ण को संबोधित करते हुए 'बंसीवारे ललना', 'मोरे प्यारे', 'लाल जी', उपर्युक्त कथन कहते हुए अपने पुत्र श्रीकृष्ण को जगाने का प्रयास कर रही हैं।वे कहती हैं कि भोर हो चुकी है,सभी के दरवाजे खुल चुके हैं ,माखन बिलोते हुए गोपियों की चूड़ियों की खनखनाहट सुनाई दे रही है ,देव-मानव तुम्हारे दर्शन की प्रतीक्षा करते हुए मंगलगान कर रहे हैं तथा ग्वाल-बाल माखन-रोटी लेकर गाएँ चराने के लिए जाने हेतु तुम्हारा इन्तजार कर रहे हैं।

2. नीचे दी गई पंक्ति का आशय अपने शब्दों में लिखिए - 'माखन-रोटी हाथ मँह लीनी, गउवन के रखवारे।'
उत्तर:- प्रस्तुत पंक्ति का आशय यह है कि ग्वाल-बालों ने हाथ में माखन रोटी ले ली है और वे सभी गौएँ चराने के लिए श्रीकृष्ण की प्रतीक्षा में खड़े हैं।

3. पढ़े हुए पद के आधार पर ब्रज की भोर का वर्णन कीजिए।
उत्तर:- ब्रज में भोर होते ही सभी घरों के किवाड़ खुल जाते हैं। गोपियाँ दही-माखन बिलोने लगती हैं, उनके कंगन खनकने से पूरे वातावरण में मधुर संगीत गूँजने लगता है। ग्वाल-बाल गौएँ चराने के लिए तैयार होने लगते हैं।मन्दिरों में मंगलगान होने लगते हैं।

4. मीरा को सावन मनभावन क्यों लगने लगा?
उत्तर:- मीरा को सावन मनभावन इसलिए लगने लगा क्योंकि सावन के महीने में वर्षा की बूँदों से श्रीकृष्ण के आने की भनक अर्थात् श्रीकृष्ण के आने का एहसास होता है। साथ ही इस समय प्रकृति भी बड़ी सुहावनी होती है।

5. पाठ के आधार पर सावन की विशेषताएँ लिखिए।
उत्तर:- प्रस्तुत पद में सावन का बड़ा ही मनोहारी वर्णन किया गया है। सावन के महीने में मनभावन वर्षा हो रही है। बादल उमड़-घुमड़कर कर चारों दिशाओं में फैल जाते हैं। बिजली चमकने लगती हैं। वर्षा की झड़ी लग जाती है। वर्षा की नन्हीं-नन्हीं बूंदें गिरने लगती हैं, पवन भी शीतल और सुहावनी हो जाती है। सावन का महीना मीरा को श्रीकृष्ण की भनक अर्थात् श्रीकृष्ण के आने का एहसास कराता है।

6. मीरा भक्तिकाल की प्रसिद्द कवयित्री थीं। इस काल के दूसरे कवियों के नामों की सूची बनाइए तथा उनकी एक-एक रचना का नाम लिखिए।
उत्तर:-

भक्तिकाल कवि	उनकी रचना
सूरदास	सूर सारावली
रसखान	प्रेम-वाटिका
तुलसीदास	विनय-पत्रिका

7. सावन वर्षा ऋतु का महीना है, वर्षा ऋतु से संबंधित दो अन्य महीनों के नाम लिखिए।
उत्तर:- वर्षा ऋतु से संबंधित दो अन्य महीनों के नाम-आषाढ़ और भादो है।

• भाषा की बात

8. कृष्ण को 'गउवन के रखवारे' कहा गया है। जिसका अर्थ है गौओं का पालन करनेवाला। इसके लिए एक शब्द दें।
उत्तर:- 'गउवन के रखवारे' शब्द के लिए एक शब्द - गोपाल है।

9. नीचे दो पंक्तियाँ दी गई हैं। इनमें से पहली पंक्ति में रेखांकित शब्द दो बार आए हैं, और दूसरी पंक्ति में भी दो बार। इन्हें पुनरुक्ति (पुन:उक्ति) कहते हैं। पहली पंक्ति में रेखांकित शब्द विशेषण हैं और दूसरी पंक्ति में संज्ञा।
'नन्हीं-नन्हीं बूँदन मेहा बरसे'
'घर-घर खुले किंवारे'
इस प्रकार के दो-दो उदाहरण खोजकर वाक्य में प्रयोग कीजिए और देखिए कि विशेषण तथा संज्ञा की पुनरुक्ति के अर्थ में क्या अंतर हैं?
जैसे - मीठी-मीठी बातें, फूल-फूल महके।
उत्तर:-

विशेषण पुनरुक्ति	संज्ञा पुनरुक्ति
1. पिताजी बाज़ार से ताजे-ताजे फल लाए। 2. आज रोहन ने मीठे-मीठे बेर खिलाएँ।	1. शहर-शहर सिनेमा की धूम है। 2. आजकल गली-गली मंदिर बन रहे हैं।